दिनांक 29 जून 2019

स्वच्छ भारत अभियान　　　　　　　　　　　　　　　　　स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

आयुक्त सुंदरानी ने कार्यालय आते ही मुख्य कार्यालय सहित चंद्रा मौर्य अंडरब्रिज का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को दिए निर्देश

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त एसके सुंदरानी कार्यालय पहुंचते ही प्रतिदिन होने वाले राष्ट्रगान में सम्मिलित हुए तत्पश्चात मुख्य कार्यालय में बनाए गए वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का अवलोकन किया एवं उपस्थित अधिकारियों को और बेहतर तरीके से व्यवस्थित करने हेतु निर्देश दिए! इसके बाद आयुक्त सुंदरानी चंद्रा मौर्या अंडर ब्रिज पहुंचे जहां पर उन्होंने पानी संग्रहण होने वाले क्षेत्रों का निरीक्षण किया! श्री सुंदरानी ने बीएसपी क्षेत्र अंतर्गत एवं रेलवे लाइन के समीप के क्षेत्रों का अवलोकन करते हुए उपस्थित जोन क्षेत्र के अधिकारी एवं एजेंसी को निर्देशित किए! अंडर ब्रिज के आसपास के 3 किलोमीटर क्षेत्र का सघन निरीक्षण करते हुए बीएसपी क्षेत्र से नेशनल हाईवे की ओर जाने वाले मार्ग के दाहिने तरफ पहुंचे जहां पर एक कुएं नुमा वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम तैयार किया गया है जिसमे एक अन्य क्षेत्रों से आने वाले पानी को एकत्रित किया जा रहा है इसी के कुछ दूरी में और वाटर हार्वेस्टिंग बनाने की तैयारी की जाएगी , इन्हीं क्षेत्रों से पानी अंडर ब्रिज तक तेजी से पहुंचता है , इस पानी को यहीं पर संग्रहित कर भूगर्भ में भेजने की तैयारी भी की जा रही है , ताकि अंडर ब्रिज में पहुंचने से पहले बहुतायत मात्रा में पानी को यही भूगर्भ में समाहित कर दिया जाए तथा यहां से ग्रेविटी के आधार पर नाली बनाकर इसे दूसरी ओर डायवर्ट भी किया जा सके इसके अतिरिक्त अन्य क्षेत्रों से आने वाले प्रवाहित जल अंडर ब्रिज होते हुए निर्मित किए जा रहे संपवेल मैं समाहित हो जाएंगे! सहायक अभियंता कुलदीप गुप्ता ने बताया बारिश के दिनों में पहले अंडर ब्रिज में जलभराव होने की स्थिति में पानी को निकालने में काफी समय एवं कई दिन लग जाते थे परंतु अब वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम से निर्मित संपवेल निर्माण के कारण पानी को खाली करने में कम ही समय लग रहा है इसको भी रोकने के लिए निरीक्षण किया गया है ताकि अंडर ब्रिज तक बहुत कम ही मात्रा में पानी पहुंच पाए और जलभराव की स्थिति न हो , गुप्ता ने आगे कहा कि अंडर ब्रिज के समीप का क्षेत्र बीएसपी एवं रेलवे लाइन आदि होने के कारण विभिन्न प्रकार की अनुमति की आवश्यकता होती है ,जिसके कारण भी कुछ व्यावहारिक दिक्कतों का भी सामना करना पड़ता है , परंतु निगम द्वारा जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो इसके लिए पुरजोर कोशिश की जा रही है!

जनसम्पर्क अधिकारी

जल है तो कल है जल ही जीवन है!